डाकघरों की संख्या

755. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले दो वर्षों के दौरान कितने डाकघर तथा तारघर खोले गये;

(ख) चालू वर्ष के दौरान गांवों और शहरों में कितने-कितने डाकघर तथा तारघर खोले जाने की संभावना है ; और

(ग) यदि उपर्युक्त भाग (ख) का उत्तर "हां" हो तो उसके क्या कारण हैं ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री राम निवास मिर्धा) : (क) डाकघर : 1983–84 के दौरान 2,260 तथा 1984–85 में 62 डाकघर खोले गए।

तारघर : प्रारम्भ में तार सुविधाएं डाकघरों में प्रदान की जाती हैं ऐसे डाकघरों को संयुक्त डाक तारघर कहा जाता है। परियात की दृष्टि से औचित्य सिद्ध होने पर, उन्हें तारघर में परिवर्तित किया जाता है। 1983–84 के दौरान 2,030 तथा 1984–85 में 2,070 संयुक्त डाकतार घर खोले गए।

(ख) डाकघर : 1985–86 के दौरान फिलहाल डाकघर खोलने का कार्यक्रम नहीं है।

तारघर : 31–12–1985 तक 60 संयुक्त डाकतार घर खोले गए।

(ग) डाकघर : डाकघर खोलने के साथ-साथ पदों का सृजन करना पड़ता है। सरकार ने पदों के सृजन पर फिलहाल रोक लगा रखी है। इसके अलावा पुनरीक्षा के उपरांत पता चला है कि 1,44,335 डाकघरों के वर्तमान नेटवर्क के माध्यम से डाक संचार की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। डाक सेवाओं में हो रहे पर्याप्त घाटे को मद्दे नजर रखते हुए यह आवश्यक है कि वर्तमान कर्मचारियों तथा अन्य संसाधनों से अधिकतम लाभ उठाया जाए तथा इस दृष्टि से डाक सेवाओं का विस्तार बहुत ही चुनिन्दे तौर पर ही किया जा रहा है। तथापि, नई योजना के अधीन, नए क्षेत्रों में कमीशन आधार पर डाक एजेंसियों की स्थापना के लिए लाइसेंस जारी किए जाते है।

तारघर : उपरोक्त भाग (ख) के उत्तर को मद्दे नजर रखते हुए प्रश्न ही नहीं उठता।

गुजरात में टेलीफोन/टेलक्स के कनेक्शन

756. **श्री चिमनभाई मेहता** :
श्री रामसिंहभाई पातलीया-भाई राठवा :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1 जनवरी, 1985 से 10 फरवरी, 1986 तक की अवधि के दौरान राजकोट शहर, राजकोट जिले और गुजरात के अन्य जिलों में स्वीकृत टेलीफोन/टेलेक्स के नये कनेक्शनों की संख्या कितनी है ;

(ख) उक्त अवधि के दौरान टेलीफोन तथा टेलेक्स के नये कनेक्शनों के लिये कितने आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे ;

(ग) 31 जनवरी, 1986 तक उपर्युक्त स्थानों के कितने व्यक्तियों के नाम प्रतीक्षा सूचियों में थे ;

(घ) दिसम्बर, 1986 तक कितने नये कनेक्शन स्वीकृत किये जाने की संभावना है ;

(ङ) गुजरात में किस-किस स्थान पर टेलीफोन प्रणाली के आधुनिकीकरण का प्रस्ताव है ; और

(च) इस कार्य को सम्पन्न करने में कितना समय लग जाने की संभावना है और इस संबध में ब्यौरा क्या है ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री राम निवास मिर्धा) : (क) 1-1-85 से 10-2-1986 तक दिए गए नए टेलीफोन और टेलेक्स कनेक्शनों की संख्या निम्नानुसार है :—

	टेलीफोन	टेलेक्स
1. राजकोट शहर	485	7
2. राजकोट जिला (शहर को छोड़कर)	1265	शून्य
3. अहमदाबाद टेलीफोन जिले सहित अन्य जिले	21,866	155

(ख) नए कनेक्शनों के लिए प्राप्त आवेदनों की संख्या निम्न प्रकार है :—

	टेलीफोन	टेलेक्स
1. राजकोट शहर	2,262	14
2. राजकोट जिला (शहर को छोड़कर)	1,257	12
3. अहमदाबाद टेलीफोन जिले सहित अन्य जिले	42,867	237

(ग) 31-1-86 तक दिये जाने वाला संभावित कनेक्शन निम्नानुसार है :—

	टेलीफोन	टेलेक्स
1. राजकोट शहर	9,086	शून्य
2. राजकोट जिला (राजकोट शहर को छोड़कर)	1,458	9
3. अहमदाबाद टेलीफोन जिले सहित अन्य जिले	85,259	308

(घ) दिसम्बर 1986 तक दिए जाने वाले संभावित कनेक्शन निम्नानुसार हैं :

	टेलीफोन	टेलेक्स
1. राजकोट शहर	5,500	मांगपर
2. राजकोट जिला (राजकोट शहर को छोड़कर)	400	9
3. अहमदाबाद टेलीफोन जिले सहित अन्य जिले	25,000	65

(ङ) अहमदाबाद, गांधीनगर, राजकोट, सूरत, बड़ोदरा और कोद्रीनार में नए इलेक्ट्रानिक एक्सचेंज स्थापित करने का प्रस्ताव है।

(च) प्रस्तावित एक्सचेंजों को 7वीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान चालू किये जाने की संभावना है। विवरण निम्नानुसार है :—

1. अहमदाबाद . . 33,000 लाइनों का इलेक्ट्रानिक एक्सचेंज
2. गांधीनगर . . 3,000 लाइनों का इलेक्ट्रानिक एक्सचेंज
3. राजकोट . . 2,000 लाइनों का इलेक्ट्रानिक एक्सचेंज

4. सूरत . . .	6,000 लाइनों का इलेक्ट्रानिक एक्सचेंज
5. बड़ोदरा . .	10,000 लाइनों का इलेक्ट्रानिक एक्सचेंज
6. कोदीनार . .	400 लाइनों का इलेक्ट्रानिक एक्सचेंज

इनके अलावा 7वीं योजना अवधि के दौरान अहमदाबाद, राजकोट, सूरत और बड़ोदरा में डिजिटल इलेक्ट्रानिक टाइप के ट्रंक आंटी एक्सचेज तथा अहमदाबाद में एक इलेक्ट्रानिक टेलेक्स स्थापित करने का प्रस्ताव है।

Upgrading the communications system

757. DR. SHYAM SUNDER MOHAPATRA: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether any modernisation scheme has been taken up by his Ministry for upgrading the communications system in the country at par with developed countries; and

(b) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI RAM NIWAS MIRDHA): (a) and (b) Department of Telecommunications has drawn up schemes to modernize and upgrade the communications system within the limited resources made available to it. The schemes of modernisation include substantial digitalisation of local switching network, long distance switching and transmission network and telex exchanges, during for underground cables, induction of PCM on cable, microwave and fibre optic media in local junction network, computerisation of trunk exchanges, installation of integrated digital network in rural areas, further expansion of satellite services and greater use of store and forward techniques in telegraph services.

डाकघरों का कम्प्यूटरीकरण

758. **श्री राम चन्द्र विकल** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश के डाकघरों में शीघ्र ही कम्प्यूटर लगाए जाने की संभावना है ;

(ख) क्या डाकघरों में कम्प्यूटर प्राधिमानक्रम के अनुसार लगाए जाएंगे ; और

(ग) यदि हां, तो प्राधिमानक्रम के निर्धारण के लिए मापदण्ड क्या होंगे ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री राम निवास मिर्धा) : (क) डाकघरों में कम्प्यूटर चालू करने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है। पोस्टमास्टर जनरल के कार्यालयों में जीवन बीमा अनुभाग में डाक जीवन बीमा का कार्य के लिए एक कम्प्यूटर लगाया जा रहा है। मद्रास में सर्किल मनीआर्डरों का मिलान करने के लिए तथा दिल्ली में मनीआर्डर कार्य और अंतर्राष्ट्रीय डाक लेखा कार्य करने के लिए कम्प्यूटर लगाने की परियोजनाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। ये कम्प्यूटर डाकघरों मे नहीं होंगे।

(ख) और (ग) प्रश्न ही नही उठते।

Demand for telephone and telex connections in Delhi and Bombay

759. SHRI KAPIL VERMA: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) what is the pending demand for new telephone and telex connections in Delhi and Bombay and what is the expected growth in the next five years and how far the new metropolitan districts corporation will be able to meet this demand according to the present plans;

(b) whether the telephone tariffs are proposed to be raised in the near future to augment the corporation's revenues; if so, what are the details thereof; and